# VISION IAS

www.visionias.in

VISION IAS
M
N 24 AUG 2024 No. 3
RECEIVED

time taken = 3hr

## GENERAL STUDIES (TEST CODE : 2366)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name of Candidate | Karmveer Narwadia | | |
| Medium Hindi/Eng. | Hindi | Registration Number | 704560 |
| Center | MKN | Date | 24 Aug 2024 |

### INDEX TABLE

| Q. No. | Maximum Marks | Marks Obtained |
|---|---|---|
| 1(a) | 10 | |
| 1(b) | 10 | |
| 2(a) | 10 | |
| 2(b) | 10 | |
| 3(a) | 10 | |
| 3(b) | 10 | |
| 3(c) | 10 | |
| 4(a) | 10 | |
| 4(b) | 10 | |
| 5(a) | 10 | |
| 5(b) | 10 | |
| 6(a) | 10 | |
| 6(b) | 10 | |
| 7 | 20 | |
| 8 | 20 | |
| 9 | 20 | |
| 10 | 20 | |
| 11 | 20 | |
| 12 | 20 | |

**Total Marks Obtained:**

**Remarks:**

**Signature of Examiner**

### INSTRUCTIONS

1. Do furnish the appropriate details in the answer sheet (viz. Name, Registration Number and Test Code).
   उत्तर पुस्तिका में सूचनाएं भरना आवश्यक है (नाम, प्रश्न–पत्र कोड, विद्यार्थी क्रमांक आदि)।
2. There are **TWELVE** questions printed in **HINDI & ENGLISH**
   इसमें बारह प्रश्न हैं **हिन्दी और अंग्रेजी** में छपे हैं।
3. **All questions are compulsory.**
   सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
4. The number of marks carried by a question/part is indicated against it.
   प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
5. Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate, which must be stated clearly on the cover of this Question-Cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other that the authorized one.
   प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश पत्र में किया गया है और उस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न–सह–उत्तर (क्यूसीए) पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिए गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।
6. Word limit in questions, if specified, should be adhered to.
   प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।
7. Any page or portion of the page left blank in the Question-Cum-Answer Booklet must be clearly struck off.
   उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

# EVALUATION INDICATORS

1. Contextual Competence
2. Content Competence
3. Language Competence
4. Introduction Competence
5. Structure - Presentation Competence
6. Conclusion Competence

**Overall Macro Comments / feedback / suggestions on Answer Booklet:**

1. मैं already IRMS हूँ।
Last yr 109 marks थे,
उसी According genuine
2. कमियाँ बताना,
आप नम्बर कम भी देगे तो
3. मुझे कोई समस्या नहीं है।
Plz. आपसे Request है।
4. Karmveer Narwadia

5.

6.

All the Best

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

खंड B / SECTION A

**Answer the following questions in not more than 150 words each:**

1. (a) डिजिटल प्रभाव के प्रभुत्व वाले युग में कोई परिवार मूल नैतिक सिद्धांतों को प्रभावी ढंग से कैसे प्रसारित कर सकता है? (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

How can the family effectively transmit core moral principles in an era dominated by digital influences? (Answer in 150 words) 10

मनुष्य जीवनकाल में नैतिक सिद्धान्तों की प्राप्ति परिवार, समाज, शिक्षण व्यवस्था तथा संगठन इत्यादि से सीखता है। वर्तमान मे डिजीटलीकरण के दौर में परिवार मूल नैतिक सिद्धान्तों को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने मे समस्या है, फिर भी कई तरीके हैं।

① वीडियो या क्लिप भेजकर

बच्चों को वीडियो clip भेजकर मानवीय संवेदना उत्पन्न की जा सकती है।

ex → कोलकता रेप मर्डर की घटना से जुडे वीडियो से → लैंगिक समावेशिता करुणा, न्याय की भावना।

② सुभेद्य वर्गों से संबंधित डॉक्युमेंट्री या फिल्म दिखाकर।

ex → अलीगढ़ मूवी → LGBTQ पर।

③ डिजीटल डाटा से संबंधित प्रभाव

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

दिखाकर साइबर सुरक्षा जैसे मुद्दों पर जानकारी देना।

④ online ed tech plateform/ govt channel जैसे - स्वयंप्रभा का प्रयोग करना।

इनके अलावा डिजीटलीकरण के दौर मे भी परिवार की अलग से भूमिका है-

① लगातार माता-पिता तथा दादा-दादी की परोपकारिता देखकर बच्चा भी परोपकारिता सीख जाएगा।

② करुणा, समानुभूति तथा प्रेरणात्मक कहानियां सुनाकर।

Ex → महाराणा प्रताप तथा रानी हेडल की कहानी।

③ सुभेद्य वर्गों तथा वंचितों के साथ समान व्यवहार करना।

Ex - परिवार के सदस्यों द्वारा नौकरो के साथ अच्छा व्यवहार।

④ समावेशी निर्णय का निर्माण किया जाना चाहिए जिससे लैंगिक रुढ़िवादिता कमजोर होगी।

डिजीटलीकरण के दौर मे भी परिवार के सीधे तौर पर नैतिक सिद्धान्त सीखाना तथा



डिजिटल माध्यमो से सीखाया जा सकता है।

2366

**VISION IAS™**

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

1. (b) हालांकि अंतःकरण सामान्य तौर पर नैतिक निर्णय-निर्माण में एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है, लेकिन कभी-कभी इसकी सीमाएं भी होती हैं। विवेचना कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)
Though conscience generally serves as a crucial guide in ethical decision-making, it is sometimes fraught with limitations. Discuss. (Answer in 150 words) 10

व्यक्ति को सत्ता के दबाव मे भी अंतः करण के विपरीत कार्य नही करना चाहिए।

Albert Einstin

अंतःकरण दार्शनिकों के अनुसार वह आन्तरिक आवाज है जो यह बताती है कि कौनसा कृत्य नैतिक है अथवा अनैतिक।

Eg. चोरी करने से पहले बच्चे के मन मे चोरी के प्रभाव से अंतरात्मा का मना करना।

अंतरात्मा का नैतिक मार्गदर्शन का स्रोत

(1) अंतरात्मा से व्यक्ति के निर्णयों मे सत्यनिष्ठा आती है। वह अपने लक्ष्यों पर अडिग रहता है
eg- अशोक खेमका में भ्रष्टाचार के विरुद्ध अंतरात्मा की आवाज

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

② अंतरात्मा के प्रभाव से व्यक्ति करुणा तथा समानुभूति के गुण विकसित कर लेता है।

Eg- भगवान महावीर, बुद्ध → दुखी व्यक्ति, गाय देखकर।

③ स्वहित से सार्वजनिक हित को प्राथमिकता देना।

Eg- भ्रष्टाचार मे कमी तथा शासन मे पारदर्शिता तथा जवाबदेहिता बढ़ना।

④ अंतरात्मा मनुष्य को संधारणीय विकास के लिए अनुकूल तथा नैतिक रूप से मजबूत बनाती है।

कई बार अंतरात्मा की सीमाएँ भी होती है।
- → पूर्वाग्रह से प्रभावित।
  Eg- जज का महिलाओं के प्रति।
- → कई बार वस्तुनिष्ठता खंडित।
- → शासन के विरुद्ध कार्य करदेना।
- → उच्च-अधिकारियों के विरुद्ध कार्य करने पर मजबूर।

महात्मा गाँधी जी ने भी कहा है
अंतरात्मा दुनिया की सबसे बड़ी अदालत है, वह सभी नैतिक मार्गदर्शकों से श्रेष्ठ है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

2. (a) सार्वजानिक धन के उपयोग को किन नैतिक सिद्धांतों के आधार पर नियंत्रित किया जाना चाहिए? बड़े निगमों को उबारने(bail out) के लिए करदाताओं के पैसे का उपयोग करने के नैतिक निहितार्थों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What ethical principles should govern the utilization of public funds? Discuss the moral implications of using taxpayer money to bail out large corporations. (Answer in 150 words) 10

भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक मे भारत की 146 देशों मे 93वी रैंक सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को दिखाती है। वस्तुतः सामाजिक- आर्थिक कल्याण के लिए सार्वजनिक धन का उपयोग नैतिक सिद्धान्तों पर आधारित होना चाहिए।

नैतिक सिद्धान्तो का प्रयोग

(i) धन का आंवटन तथा उपयोग में साम्यता रखी जाए। इसे रखने के लिए पारदर्शिता तथा जवाबदेहिता का गुण होना चाहिए

eg- बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ का 78% बजट विज्ञापन पर खर्च करना)

(ii) सार्वजनिक धन को सार्वजनिक हित मे प्रयोग में लिया जाना चाहिए ना कि स्वहित मे)

eg- पूजा सिंघल → 1000 cr के साथ पकड़ी गई

(iii) सार्वजनिक धन को लोगों के कल्याण

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

के लिए उपयोग मे लाना अर्थात् करुणा, समानुभूति नैतिक सिद्धान्तों का समावेशन किया जाना चाहिए।

eg- District mineral fund का प्रयोग।

(4) शासन को अनुक्रियाशील तथा जवाबदेहिता सार्वजनिक धन के समकक्ष रखनी चाहिए।

eg→ RTI तथा त्वरित कार्रवाई को बढ़ाना।

**Bailout पैकेज के नैतिक निहितार्थ**

| सकारात्मक | नकारात्मक |
| --- | --- |
| → निगम के उभरने से आर्थिक संवृद्धि मे गति आएगी। | → कंपनियों मे जवाबदेहिता तथा अनुक्रियाशीलता मे कमी। |
| → रोजगारों मे वृद्धि होगी। | → सार्वजनिक धन को सिर्फ Corporate के लिए प्रयोग करना। |
| → सामाजिक कल्याण होगा। | |
| → C.S.R जैसे कार्यवाही से सामाजिक कल्याण होगा। | → Corporate का लगातार घाटे की मनोवृत्ति बनाए रखना। |
| → लोगों मे सहभागिता बढ़ेगी। | → असमानता मे वृद्धि। |


सार्वजनिक धन का सदुपयोग करके शासन के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है तथा गरीबी, कुपोषण, असमानता को दूर कर सकते है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**2. (b)** ईमानदारी का अर्थ केवल भ्रष्ट या बेईमान आचरण से बचना नहीं है। उपयुक्त उदाहरणों के साथ विवेचना कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Probity means more than just the avoidance of corrupt or dishonest conduct. Discuss with suitable examples. (Answer in 150 words) 10

प्रोबिटी ईमानदारी तक सीमित नही है इसमें सत्यनिष्ठा, जवाबदेहिता, निष्पक्षता तथा पारदर्शिता भी शामिल होती है।




प्रोबिटी

① सत्यनिष्ठा का गुण जिसमे व्यक्ति हर परिस्थिति मे नैतिक सिद्धान्तों का अनुसरण करता है।

Eg – अर्जुन का सूर्यास्त के बाद युद्ध न करना।

② प्रोबिटी युक्त सिविल सेवक पारदर्शिता पूर्ण शासन पर जोर देता है।

Eg – तमिलनाडु कैडर के IAS ने सार्वजनिक सम्पति को सोशल मीडिया पर डाल दिया।

③ शासन मे जवाबदेहिता का गुण

समावेशित किया जाता है विवेकाधीन शक्तियों का दुरुपयोग कम हो जाता है।

eg- लाल बहादुर शास्त्री का ट्रेन दुर्घटना के बाद इस्तीफा।

(4) निस्वार्थता का विकास → भाई-भतीजावाद से हटकर संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता।

eg- CJI चन्द्रचूड़ की निःस्वार्थ निर्णय।

(5) प्रोबिटी से लोक सेवा के प्रति समर्पण का विकास हो जाता है, व्यक्ति खुद की जिम्मेदारियाँ समझता है।

eg- बैंगलोर मे डॉक्टर ट्रैफिक के कारण 2 घंटे दौड़कर सर्जरी करने गया।

(6) शासन वंचितों तथा सुभेद्य वर्गों के प्रति करुणा तथा समानुभूति का गुण दिखाएगा।

eg IAS प्रशांत का operation सुलेमान।

प्रोबिटी का शासन तथा व्यक्तिगत जीवन मे अनुपालन से सफलता आती है, साथ ही शासन के उद्देश्य पूर्ण होते है।

3. वर्तमान संदर्भ में निम्नलिखित उद्धरण आपको क्या संदेश देते हैं।

What does the following quotation convey to you in the present context.


(a) "किसी व्यक्ति को नैतिकता के बजाय मानसिक रूप से शिक्षित करना समाज के लिए खतरा पैदा करना है।"
- थियोडोर रूजवेल्ट (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"To educate a man in mind and not in morals is to educate a menace to society." - Theodore Roosevelt (Answer in 150 words) 10

नैतिकता व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों मे एक दिशा-बोधन का कार्य करती है. वह समाज के लिए अनुकूल होनी चाहिए।

वही मानसिक रूप से शिक्षित करना मतलब aptitude का निर्माण करना।

वस्तुतः रूजवेल्ट का यह कथन मेरे अनुसार यह संदेश देता है कि व्यक्ति में नैतिकता तथा मानसिक रूप से शिक्षित करना दोनों प्राथमिकता होनी चाहिए। अगर कोई एक हुआ तो कोई काम का नही है।




नैतिकता के बजाय मानसिक रूप से शिक्षित करने से खतरा

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

(1) व्यक्ति संवैधानिक आदर्शों के प्रतिकूल कार्य करना। Eg- पूजा सिंघल।

(2) मानवता पर खतरा।
Eg- लादेन की आतंकवादी घटना।

(3) नैतिक मूल्यों का ह्रास तथा जन-धन माल की हानि।
Eg- हिटलर।

अगर नैतिकता के साथ मानसिक शिक्षा दी जाए तो

(1) नैतिक सिद्धान्त जैसे सार्वजनिक कल्याण, समानता इत्यादि मूल्यों का समावेशन।
Eg. Operation सुलेमान → IAS प्रशांत द्वारा।

(2) नवाचार का समावेशन।
Eg. आर्मस्ट्रांग पेमे का Crowd fund से 100 km Road बनाना।

(3) संवैधानिक आदर्शों के प्रतिकूल।

(4) जनसहभागिता में वृद्धि। Eg→ शेखर IAS के बंधुआ मजदूरी के लिए प्रयास

(5) संस्थानीय लक्ष्यों के अनुकूल।
Eg. भू-माफियों के विपरीत IAS नागपाल की कार्रवाई

नैतिकता तथा मानसिक रूप से शिक्षण की सही दिशा मानवता के लिए कल्याणकारी होती है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

3. (b) "असफलता बस फिर से शुरू करने का अवसर है, इस बार और अधिक समझदारी से।" - हेनरी फ़ोर्ड (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"Failure is simply the opportunity to begin again, this time more intelligently." - Henry Ford (Answer in 150 words) 10

मेरे मस्तिष्क मे एक कविता गूँज रही है.

असफलता एक चुनौती है
इसे स्वीकार करो, कहाँ कमी रह गई
इस पर विचार करो.
जब तक सफल न हो
नींद. चैन को त्यागो तुम।

असफलता व्यक्ति के जीवन मे निराशा, भय, थकान, मानसिक व्यथा लेकर आती है, लेकिन यही एक अवसर है जब सब कुछ को फिर से शुरु करके सफल हुआ जा सकता है।

थ- एडीसन बल्ब के अविष्कार मे 1000 बार असफल हुआ, जब उससे पूछा गया तो बताया मैं 1000 बार असफल नही हुआ बल्कि मैंने यह जान लिया कि इतनी बार तरीके से बल्ब नही जल सकता)

इस उदाहरण मे क्या नैतिक मूल्य है

(1) व्यक्ति का लगातार धैर्यशील बने रहना

2366
VISION IAS™

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(ii) असफलता के समय मे भी खुद को अभिप्रेरित रखना।

(iii) मानसिक रूप से मजबूत रहना।

Eg. अब्राहम लिंकन लगातार चुनाव हार रहे थे, यहाँ तक ~~पंचायत~~ local body के भी, तब भी लगातार टिककर वे U.S.A के president बने

(Eg.) चन्द्रयान-2 की विफलता के बाद ISRO के वैज्ञानिक थके, नही, उन्होने चन्द्रयान-3 के लिए प्रयास शुरू कर दिए और सफल भी रहे।

असफलता एक चुनौती के रूप मे लेकर इसके प्रति कुछ अलग तरीके से कार्य करते हुए प्रयास किए जाने चाहिए जिससे सफलता प्राप्त हो।

3. (c) "युद्ध के समय कानून मौन रहते हैं।" - सिसरो (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

"Laws are silent in times of war." - Cicero (Answer in 150 words) 10

हाल ही मे फिलीस्तीन-इजराइल तथा रुस-युक्रेन का युद्ध शुरु हुआ, तब अनेक UN की Body तथा अन्तर्राष्ट्रीय शांति कानून थे लेकिन सब सिर्फ मौन ही रहे।

युद्ध के समय मौन क्यों रहते है

① देशों द्वारा कानूनों का स्वहितों के लिए प्रयोग।

Eg- UNSC का Resolution → Russia द्वारा हटा लेना।

② अन्तर्राष्ट्रीय नैतिकता की जगह स्वहितों को प्राथमिकता देना।

Eg- अमेरिका की अफगानिस्तान मे मनमानी।

③ पूरे विश्व मे एकजुटता का अभाव।

④ नव उपनिवेशवाद की भावना का पैदा होना।

Eg- अफ्रीका मे लगातार पश्चिमी देशों से प्रभावित तख्तापलट।

(5) स्वहितों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर देना।

Eg- आर्मेनिया- अज़रबैजान मे देखा।

→ Iran का हमास को सपोर्ट।

**क्या किया जाना चाहिए**

(1) युद्ध एक अनैतिक कृत्य है, महात्मा गांधी जी ने भी कहा है आंख के बदले आंख ली जाए तो पूरा विश्व काना हो जाएगा।

(2) कानूनों का क्रियान्वन किया जाना चाहिए

Eg- peace keeping मिशन की तरह।

(3) समानतावादी वैश्विक व्यवस्था की स्थापना के प्रयास किया जाए।

Eg. पश्चिम देशो का प्रभुत्व कम किया जाए

(4) लोगों को जन-जागरूकता से जोड़ा जाए तथा अन्तर्राष्ट्रीय संबधों मे नैतिकता स्थापित किया जाए।

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की त्रासदी से सभी परिचित है, अतः युद्ध किसी का समाधान न होना मानवता के लिए जरूरी


Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**4. (a)** अच्छा कॉर्पोरेट शासन बौद्धिक ईमानदारी से संबंधित होता है, न कि केवल नियमों और विनियमों से जुड़े रहने से। उदाहरणों के साथ व्याख्या कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

Good corporate governance is about intellectual honesty and not just sticking to rules and regulations. Illustrate with examples. (Answer in 150 words) 10

कॉर्पोरेट शासन मे कम्पनी को चलाने का निहित मूल्यों का सेट होता है जिसमें कम्पनी को सभी हितधारकों की सहभागिता तथा कल्याण का ध्यान रखा जाता है।

अच्छा कोर्पोरेट बौद्धिक ईमानदारी से संबंधित होता है न कि नियम विनियम से जुडे रहने से




① गाँधी जी के ट्रस्टीशिप सिद्धान्त के अनुकूल।

Eg- अच्छी कार्य संस्कृति से सभी का ईमानदारी से कार्य करना।

② लोगों मे कम्पनी के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति का निर्माण

Eg- टाटा कम्पनी का राजस्थान मे एक बूंद पानी का CSR प्रयोग।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(iii) कम्पनी समाज तथा पर्यावरण के प्रति अनुकूल कार्य करने से छवि मे वृद्धि होती है

eg- Reliance कम्पनी का शिक्षा तथा हाथियों के लिए C.S.R के कार्य।

(iv) लोगों का कम्पनी के साथ जुड़ाव हो जाता है।

eg- झारखण्ड मे पर्यावरण के प्रति कार्य करने से GAIL से जुड़ाव।

(v) देश के विकास की नीतियों का संधारणीय होने से विदेशी निवेश की भागीदारी बढ़ना तथा देश की नीतियों का भी कम्पनियों के प्रति अनुकूल होना।

eg → FDI/ FPI उदारीकरण, Bailout पैकेज


अच्छा कॉरपोरेट शासन लाभ मे वृद्धि के साथ समाज तथा पर्यावरण व कर्मचारियों के लिए लाभदायक होता है।

Don't write anything this margin
(इस भाग में कुछ ना लिखें)

**4. (b)** सामान्य तौर पर, किसी संगठन में जितना ऊंचा पद होता है, भावनात्मक बुद्धिमत्ता उतनी ही अधिक महत्त्व रखती है। क्या आप इस विचार से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण बताइए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

In general, the higher a position in an organization, the more emotional intelligence matters. Do you agree with this view? Give reasons in support of your answer. (Answer in 150 words) 10

डेनियल गोलमैन के अनुसार खुद की भावनाओं को समझते हुए, प्रबंधित करते हुए किसी दूसरे की भावनाओं को समझना, संवेगात्मक बुद्धिमता कहलाती है।




जितना ऊँचा पद : E.I. का उतना मजबूत

① Higher authority का कर्मचारीयों के प्रति समान व्यवहार, लैंगिक समावेशी होना सभी को नैतिक सिद्धान्तों से मजबूत करता है।

Eg- Zomato द्वारा मासिक धर्म अवकाश

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(2) Higher authority का व्यवहार अनुकरणीय होता है।

Eg. लाल बहादुर शास्त्री ऑफिस मे समय से पहुँच जाते थे, तो स्टाफ की भी समयबद्धता।

(3) अच्छी कार्य संस्कृति का विकास।

Eg → भेदभाव नही, किसी का अवार्ड रखते नही।

(4) लगातार अभिप्रेरित रहकर कार्य करना।

Eg → नरेन्द्र मोदी द्वारा चन्द्रयान-2 की soft Landing न होने पर वैज्ञानिको से मिलना।

(5) शासन का जनता के प्रति आदर्श तथा अनुकूल बनना।

Eg- रानी शक्ति नागपाल की ड्र-माफिया के विरुद्ध कार्य।

(6) अधीनस्थो के विश्वास मे वृद्धि तथा कार्यों के प्रति प्रगतिशील का गुण।

Eg- IPS नवनीत सिकेरा द्वारा कार्य।

एक व्यक्ति की सफलता में 80% Role E.I. का होता है तो 20% IQ का। डेनियल गोलमेन।

**5. (a)** तटस्थता और गैर-पक्षपात के अलावा, सहिष्णुता एवं समावेशिता अन्य महत्वपूर्ण मूल्य हैं जो भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में लोक सेवकों को अधिक सक्षम बनने में मदद करते हैं। उपयुक्त उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

In addition to neutrality and non-partisanship, tolerance and inclusion are other important values that facilitate the civil servants to be more competent in a diverse country like India. Explain with suitable illustrations. (Answer in 150 words) 10

सिविल सेवा जन कल्याण के प्रति समर्पित होती है, इसके लिए कई नैतिक मूल्यों को अपनाना होगा।

तटस्थता | गैर पक्षपात | सहिष्णुता | समावेशिता

तटस्थता लोक प्रशासन मे निष्पक्षता तथा गैर पक्षपातपूर्ण व्यवहार होता है जिसमे व्यक्तिगत विश्वास तथा राजनीतिक हितो से वस्तुनिष्ठता बनाए रखना शामिल है।

विविधतापूर्ण समाज मे आवश्यकता
- → शासन मे पारदर्शिता मे वृद्धि ↑
- → जनसहभागिता में वृद्धि
- → लोगों का कल्याण मे वृद्धि।

Eg- अशोक खेमका का तटस्थता का गुण।

गैर पक्षपात से अर्थ है सिविल सेवका का कोई भी राजनीतिक संबद्धता न रखकर सेवैधानिक

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

आदर्शों के अनुकूल रहना।

विविधतापूर्ण समाज मे आवश्यकता
- → सभी पार्टियों के साथ कार्य करना
- → लोगों के विश्वास मे वृद्धि
- → आमजन की भागीदारी मे वृद्धि

Ex - T. N. शेषण का जैर पक्षपात

सहिष्णुता → सभी विचारों, भावनाओ को महत्व देना चाहे वे खुद की विचारधारा तथा पूर्वाग्रहों से भिन्न हो।

विविधतापूर्ण समाज मे आवश्यकता
- → अल्पसंख्यकों के हितो का संरक्षण
- → नए विचारों का आगमन
- लगातार सीखने की प्रवृत्ति

(Eg - APJ abdul kalam)

समावेशिता का अर्थ है, सभी को शासन की मुख्यधारा मे शामिल कर लोक-कल्याण को बढ़ावा देना।

विविधतापूर्ण समाज मे आवश्यकता
- → Tribals, अल्पसंख्यको के विश्वास मे वृद्धि
- → लोगो के आत्मविश्वास का बढ़ना।
- सामाजिक-आर्थिक हितों की वृद्धि।


Ex. IAS तथा IPS का tribal को विश्वास मे लेना तथा self defence देना

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

5. (b) सार्वजनिक सेवा वितरण के मुख्य सिद्धांत क्या हैं? भारत में प्रभावी सार्वजनिक सेवा वितरण से संबंधित चुनौतियों पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

What are the key principles of public service delivery? Discuss the challenges associated with providing effective public service delivery in India. (Answer in 150 words) 10

पुलिस स्टेट से वेलफेयर स्टेट मे परिवर्तन का अर्थ है- शासन का प्रभावी सेवा वितरण सुनिश्चित करना।




① सेवा वितरण मे सभी की भागीदारी तथा पारदर्शिता का समावेशन होना चाहिए।
Eg- RTI का क्रियान्वन।

② शिकायत निवारण प्रणाली का विकास। तथा शासन का अनुक्रियाशील होना।
eg. CPGRAMS.

③ Best pratice को follow करना
Eg. दिल्ली का मोहल्ला क्लिनिक।

④ सेवा वितरण मे नैतिक सिद्धान्तो का अनुपालन।

⑤ सार्वजनिक सेवा वितरण संवैधानिक आदर्शों के प्रतिकूल।

**प्रभावी सेवा वितरण से संबंधित समस्या**

① कानूनों की जटिलता तथा कानूनों से जुड़े नियम- विनियम से उत्पन्न समस्या।
Eg. उत्कल ग्रामीण बैंक द्वारा 10 वर्ष से अधिक वृद्धों का भी भौतिक सत्यापन करना।

② शिकायत निवारण प्रणाली कार्य नहीं करती है
Eg PDO के पास लम्बित मामले।

③ शासन की अभिजात्यता तथा हठवादिता के मामले।

④ शासन का समावेशी न होना।
Eg- झारखण्ड मे आधार न होने से राशन नहीं मिला, बच्ची मर गई।

जनता की सामुदायिक भागीदारी में वृद्धि — प्रयास
→ RTI का क्रियान्वन
→ शिकायत निवारण प्रणाली
→ नैतिक मूल्यों का विकास

सार्वजनिक सेवा वितरण के जनकल्याण को बढ़ाया जा सकता है।


6. (a) जब संधारणीय विकास के प्रति अभिवृत्तिक परिवर्तन की बात आती है, तो व्यवहारिक प्रेरणा ही आगे की राह है। उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दीजिए)

When it comes to attitudinal change towards sustainable development, behavioural nudges are the way forward. Illustrate with examples. (Answer in 150 words) 10

अभिवृत्ति किसी मनोवैज्ञानिक विषय के प्रति सकारात्मक तथा नकारात्म हो सकती है।

जैसे- प्लास्टिक वेस्ट को कम उपयोग करने की सकारात्मक अभिवृत्ति।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने भी व्यवहारिक प्रेरणा के लिए स्वच्छ भारत अभियान, Life ~~style~~ मिशन इत्यादि को व्यवहारिक प्रेरणा से जोड़ा है।




अभिवृत्ति परिवर्तन : व्यवहारिक प्रेरणा

(I) संधारणीय विकास असंतुलन तब होता है जब व्यवहार नकारात्मक हो। जैसे प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग।

(II) अभिवृत्ति को व्यवहार के माध्यम से देखा जाता है।

Ex- BBBP के माध्यम से सकारात्मक अभिवृत्ति।

(iii) प्लास्टिक वेस्ट को कम करके समुद्री जल जीवन तथा life on land जैसे संधारणीय विकास प्रथाओं को आगे बढ़ाना।

(iv) सामाजिक अनुनयन से समय की बचत होती है, प्रभाव में अधिक वृद्धि होती है।

Ex- दरवाजा बंद करो अभियान
→ कुपोषण, स्वास्थ्य जैसे संधारणीय विकास

सैद्धान्तिक रूप से समझे तो हम पाते हैं अभि~~व्यक्ति~~वृत्ति की प्रस्तुति व्यवहार से संभव है क्योंकि संज्ञानात्मक पक्ष ज्ञान में अभिवृद्धि करता है तो Affective पक्ष नई चीजों को शामिल करता है तथा अभिवृत्ति को प्रभावित करता है।

व्यवहारात्मक अभिप्रेरण से सार्थक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है इसीलिए सरकार circular economy, life मिशन को चला रही है।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

6. (b) मदर टेरेसा के जीवन से क्या सबक सीखा जा सकता है? समकालीन विश्व में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए। (उत्तर 150 शब्दों में दें)

What lessons can be learnt from the life of Mother Teresa? Discuss their relevance in the contemporary world. (Answer in 150 words) 10

मदर टेरेसा का जीवन आज के समकालीन ~~जीवन~~ विश्व मे प्रासंगिकता रखता है. उन्होंने पूरा जीवन दुखी- दीनहीनों की सेवा मे लगा दिया। उनसे जुड़े मूल्य तथा प्रासंगिकता निम्न है-

(I) करुणा ↳ वंचितों के कल्याण का भाव।

(प्रासंगिकता) अफ्रीकी देशों के प्रति पश्चिमी देशों को करुणा दिखाना जिससे समावेशी विकास हो)

(II) सहिष्णुता ↳ सेवा करने से पहले व्यक्तिगत पूर्वाग्रहों को दूर करना)

प्रासंगिकता - साम्प्रदायिकता - हिन्दू - मुस्लिम - ईसाई - सिक्ख मे चोट)

(III) समानता - सभी लोगों मे समानता हासिल करना)

प्रासंगिकता - अश्वेत - श्वेत, महिला पुरुष के समानता)

(iv) जलवायु परिवर्तन के प्रति कार्यवाई जवाबदेहिता

↳ जो सक्षम है वह कार्यवाई मे योगदान देना।

Ex- CBDR के प्रति जवाबदेहिता

(v) सत्यनिष्ठा / अहिंसा

हिंसा को सपोर्ट ना करके सदा नैतिक सिद्धान्तों का अनुपालन करना। प्रासंगिकता पशु न्याय उपलब्ध करवाना।

(vi) धैर्य- कई संगठनों द्वारा धर्म परिवर्तन के आधार पर उनकी आलोचना करना लेकिन वो टिकी रही और सार्वजनिक सेवा करती रही।

प्रासंगिकता → असफलता से सफलता,
- अभिप्रेरणा
- आत्महत्या पर रोक।

मदर टेरेसा का जीवन आदर्श था जिसकी महत्वता तथा प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।

**खंड B / SECTION B**

**निम्नलिखित प्रश्नों में प्रस्तुत प्रकरणों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए (लगभग 250 शब्दों में):**

**In the following questions, carefully study the cases presented and then answer the questions that follow (in around 250 words):**

**7.** आप एक ऐसे शहर के पुलिस अधीक्षक हैं, जहां के किसी मंदिर में एक प्रमुख धार्मिक उत्सव आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दस लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के शामिल होने की संभावना है, जो मंदिर की अवसंरचनात्मक क्षमता से कहीं अधिक है। व्यापक योजना और एहतियाती उपायों के बावजूद, मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार के पास अचानक भीड़ उमड़ने से भगदड़ मच गई, जिससे कई लोग हताहत हुए और अनेक लोग घायल हो गए। स्थिति इतनी अधिक गंभीर हो गई कि मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं में दहशत फैल गई है।

इस जटिलता को और गंभीर बनाते हुए, व्हाट्सएप ग्रुप और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी खबरें तेजी से प्रसारित हो रही हैं, जिसमें भगदड़ को सांप्रदायिक झड़पों से जोड़कर दिखाया जा रहा है। ये फर्जी खबरें आम जनता में व्यापक दहशत पैदा कर रही हैं और इनसे जिले में सांप्रदायिक दंगों के भड़कने का खतरा उत्पन्न हो गया है।

पुलिस अधीक्षक के रूप में, आप स्वयं को इस संकट के केंद्र में पाते हैं, जहां आपके सामने भगदड़ के तत्काल बाद की स्थिति को संभालने तथा संभावित रूप से खतरनाक गलत सूचनाओं के प्रसार को रोकने की दोहरी चुनौती विद्यमान है।

**(a)** इस मामले में शामिल प्रमुख हितधारकों की पहचान कीजिए।

**(b)** स्पष्ट कीजिए कि आप एक पुलिस अधीक्षक के रूप में, भगदड़ की स्थिति से निपटने और सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी खबरों के प्रसार को रोकने के लिए क्या उपाय अपनाएंगे।

**(c)** चर्चा कीजिए कि इन उपायों को लागू करते समय, विशेष रूप से सार्वजनिक सुरक्षा तथा व्यक्तिगत अधिकारों एवं धार्मिक भावनाओं के बीच संतुलन बनाने के लिए, आपको किन नैतिक बातों को ध्यान में रखना चाहिए। (उत्तर 250 शब्दों में दें)

You are the Superintendent of Police in a city hosting a major religious festival at a temple. The event is expected to attract over a million pilgrims, far exceeding the temple's infrastructure capacity. Despite extensive planning and precautionary measures, a sudden crowd surge near the main shrine entrance has resulted in a stampede, causing multiple casualties and numerous injuries. The situation has escalated, with panic spreading among the devotees present at the temple.

Adding to the complexity, instances of fake news are rapidly circulating through WhatsApp groups and social media platforms, falsely attributing the stampede to communal clashes. This misinformation is causing widespread panic among the general public and threatens to ignite communal riots in the district.

As the Superintendent of Police, you find yourself at the center of this crisis, faced with the dual challenge of managing the immediate aftermath of the stampede and countering the spread of potentially dangerous misinformation.

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**(a)** Identify the key stakeholders involved in this case.

**(b)** Explain the measures you, as the Superintendent of Police, will take to address the stampede situation and curb the spread of fake news through social media.

**(c)** Discuss the ethical considerations you must keep in mind while implementing these measures, particularly in balancing public safety with individual rights and religious sentiments. (Answer in 250 words) 20

भारत मे fake news के प्रसार से दिल्ली दंगे तथा नूह हिंसा जैसे साम्प्रदायिक गतितिधियाँ पहले भी घटित हुई है। उपरोक्त केस स्टडी मे भी पुलिस अधीक्षक के नाते फेक न्यूज के प्रसार को रोकना तथा मंदिर के बीच श्रद्धालुओं को बचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

उपरोक्त केस स्टडी में धैर्य, सेवा के प्रति समर्पण, सार्वजनिक कल्याण तथा गैर-पक्षपात जैसे मूल्यों की परीक्षा है।

(i) हितधारक

व्हाट्स एप तथा सोशल मीडिया (+ fake news का प्रसार)

जनकल्याण — लोगों के जन-धन माल की रक्षा करना

हितधारक → मैं (स्वयं पुलिस अधीक्षक)

भारत की सांस्कृतिक विविधता + (साम्प्रदायिक हिंसा)

तीर्थयात्री — जो गेट पर है / जो मंदिर के अंदर है

(II) पुलिस अधीक्षक के तौर पर मेरी कारवाई निम्न होगी-

(i) भगदड़ स्थल से पहले (कुछ दूरी पर) मंदिर प्रवेश पर कुछ समय के लिए रोक लगाऊँगा।

(ii) स्थल पर उपस्थित परिजनों से अधीनस्थों को बात करने का निर्देश दूँगा ताकि विश्वास बना रहे पुलिस कार्य मे रही है।

(iii) भगदड़ से हताहत लोगों को Medical Emergency की सुविधा प्रदान करने तथा सरकारी तथा निजी अस्पताल से

सम्पर्क करके मदद मॉगूंगा।

(iv) व्हाट्सग्रुप तथा सोशल मीडिया पर यह संदेश फैलाऊँगा कि यह झगड़ा क्षमता से अधिक व्यक्तियों के कारण हुई है ना कि साम्प्रदायिक कारणों से।

(v) cyber security की टीम से कॉन्टेक्ट करके ऐसे संदेश फैलाने के प्रति कार्यवाही करके जैसे- भारतीय न्याय संहिता, IPC की धारा 498 A इत्यादि लगावके का सख्त कदम उठाने की सख्त हिदायत दूँगा।

(vi) CCTV मीडिया तथा अन्य प्लेटफॉर्म का प्रयोग करके लोगो मे जागरूकता फैलाऊँगा।

(vii) इस प्रकार लोगो की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, सभी के हितो को प्राथमिकता दूँगा।

दीर्घकालिक सुधार →
- साम्प्रदायिकता को दूर करने का प्रयास।
- सोशल मीडिया के प्रति जागरूकता।
- लोगो को शासन से सहयोग के

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(c) सार्वजनिक सुरक्षा तथा व्यक्तिगत अधिकारों तथा धार्मिक भावनाओं के बीच संतुलन के लिए नैतिक बातों का ध्यान –

(1) मेरा गैर पक्षपात पूर्ण तथा तटस्थता व्यवहार जिससे सभी को मुझ पर विश्वास हो।

(2) सार्वजनिक कल्याण को प्राथमिकता देनी होगी

(3) लोगों में पुलिस के प्रति सकारात्मक रवैया बना रहे।

(4) मेडिकल एथिक्स का भी अनुपालन हो।

(5) धार्मिक भावना को आहत करने वालों पर कारवाई करना।

(6) मेरी वस्तुनिष्ठतापूर्ण निर्णय लेना।

(7) खुद को शासन के समक्ष पारदर्शी तथा जवाबदेहिता युक्त दिखाना।

पुलिस अधीक्षक के नाते जन-कल्याण मेरी duty है, मैं उसे निभाने का पूरा प्रयास करूँगा। पुलिस का वाक्य सिद्ध करूँगा। आमजन में विश्वास, अपराधियों में डर।

8. प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रवि शर्मा एक प्रमुख बोतलबंद पानी की कंपनी द्वारा प्रस्तावित लाभकारी विज्ञापन अनुबंध को लेकर नैतिक दुविधा में फंस गए हैं।

हालांकि, बोतलबंद पानी की कंपनी शराब के एक प्रमुख ब्रांड की सहायक कंपनी है और पानी की बोतलों पर भी वही ब्रांडिंग की गई है जो शराब उत्पादों पर की गई है। विज्ञापन अभियान एक स्वस्थ उत्पाद को बढ़ावा देने की आड़ में शराब ब्रांड की छवि को मजबूत करने के लिए बनाया गया है।

रवि को अपनी सामाजिक रूप से जिम्मेदार छवि और स्वस्थ जीवन का समर्थन करने के लिए जाना जाता है। वह शराब के हानिकारक प्रभावों के बारे में अच्छी तरह से अवगत हैं, क्योंकि शराब से संबंधित बीमारी के कारण उनके परिवार के एक सदस्य की मृत्यु हो गई थी। हालांकि, इस विज्ञापन अनुबंध से मिलने वाला वित्तीय लाभ काफी अधिक है और यह रवि के परोपकारी कार्यकलापों, विशेषकर वंचित समुदायों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की उसकी पहलों को काफी हद तक समर्थन प्रदान कर सकता है।

यह स्थिति रवि को दुविधा में डाल देती है, जहां उसे दो विकल्पों में से किसी एक विकल्प अर्थात वह अप्रत्यक्ष रूप से शराब के सेवन को बढ़ावा देने वाले अनुबंध को स्वीकार कर सकता है या फिर नैतिक आधार पर उसे अस्वीकार कर सकता है, जिससे उसे अपने परोपकारी कार्यों के लिए बड़ी धनराशि से हाथ धोना पड़ सकता है, का चयन करना पड़ेगा।

**(a)** रवि द्वारा बोतलबंद पानी के उत्पाद का विज्ञापन करने के निर्णय में कौन-से नैतिक मुद्दे शामिल हैं?

**(b)** सेलिब्रिटी विज्ञापनों के व्यापक निहितार्थों तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य और उपभोक्ता व्यवहार पर उनके प्रभावों की चर्चा कीजिए।

**(c)** रवि जैसी लोक हस्तियां विज्ञापन उद्योग में नैतिक व्यावसायिक कार्यपद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व का उपयोग कैसे कर सकती हैं? (उत्तर 250 शब्दों में दीजिए)

Ravi Sharma, a renowned movie actor, finds himself in an ethical dilemma regarding a lucrative endorsement deal offered by a prominent bottled water company.
However, the bottled water company is a subsidiary of a major alcohol brand, and the water bottles carry the same branding as the alcohol products. The advertising campaign is designed to reinforce the alcohol brand's image under the guise of promoting a healthy product.

Ravi is known for his socially responsible public image and advocacy for healthy living. He is deeply aware of the harmful effects of alcohol, having lost a close family member to an alcohol-related illness. However, the financial reward from this endorsement deal is substantial and could significantly support Ravi's philanthropic activities, particularly his initiatives for providing education and healthcare to underprivileged communities.

This situation places Ravi at a crossroads, forcing him to choose between accepting a deal that could indirectly promote alcohol use and rejecting it on ethical grounds, potentially foregoing significant funding for his charitable work.


**(a)** What are the ethical issues involved in Ravi's decision to endorse the bottled water product?

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

**(b)** Discuss the broader implications of celebrity endorsements and their influence on public health and consumer behaviour.

**(c)** How can public figures like Ravi use their influence to promote ethical business practices in the advertising industry? (Answer in 250 words) 20

आजकल psudo. advertisement का दौर काफी चल रहा है, उपरोक्त केस स्टडी मे भी ऐसा ही एक उदाहरण दिया है जहाँ रवि को शराब की सहायक कम्पनी बोतलबंद पानी की कम्पनी का विज्ञापन करना है।




① रवि द्वारा बोतलबंद पानी के उत्पाद का विज्ञापन करने से नैतिक मुद्दे-

Ⓐ रवि की सत्यनिष्ठा युक्त छवि को नुकसान।

Ⓑ रवि को आर्थिक हितों का नुकसान।

Don't write anything this margin (इस भाग में कुछ ना लिखें)

(C) वंचितों के कल्याण मे आने वाली समस्याएँ। (बेंथम की उपयोगितावादी)

